MOCK POLL (बनावटी मतदान)

मॉक पोल वास्तविक मतदान से पूर्व MOCK POLL (बनावटी मतदान) करना अनिवार्य है

►मॉक पोल वास्तविक मतदान से पूर्व 90 मिनट पहले करेंगे।

►25 नवंबर 2023 प्रातः 5:30 बजे मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू करेंगे ।

►हमने यह सुनिश्चित कर लिया है कि हमारी BU बैलेट यूनिट VVPAT से और VVPAT कंट्रोल यूनिट CU से आपस में जुड़ी हुई है।

●कम से कम दो मतदान अभिकर्ता उपस्थित हो गए हैं। हम मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

●यदि नहीं हुए हैं तो 15 मिनट का हम इंतजार करेंगे। 5:45 तक यदि न्यूनतम दो मतदान अभिकर्ता उपस्थित हो जाते हैं तो ठीक अन्यथा हम स्वयं अपनी पोलिंग पार्टी के साथ मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

►सर्वप्रथम हम **VVPAT** वीवीपेट को आन करेंगे यानी अनलॉक करेंगे **/**उसके स्विच को खड़ा कर देंगे

●मतदान अभिकर्ता को **VVPAT** वीवीपेट स्लिप ड्रॉप बॉक्स को दिखाएंगे कि वह पूर्ण रूप से खाली है।

●अब हम कंट्रोल यूनिट को चालू करेंगे। कंट्रोल यूनिट के चालू होते ही हम सर्वप्रथम क्लियर बटन दबाएंगे।

► अब हम **BALLOT** बटन दबाकर प्रत्येक उम्मीदवार को वोट जारी करेंगे। न्यूनतम 50 वोट जारी करेंगे एवं प्रत्येक उम्मीदवार को नोटा सहित समान मत देंगे।

►न्यूनतम वोट डालने के पश्चात **Total** टोटल बटन दबाकर अब तक डाले गए वोटो की संख्या का पता करेंगे।

►अब हम क्लोज बटन दबाएंगे। इसके पश्चात अब हम रिजल्ट बटन दबाकर परिणाम की जांच करेंगे। कंट्रोल यूनिट द्वारा जारी परिणाम को हम एक कागज पर नोट करते जाएंगे और साथ ही VVPAT के स्लिप बॉक्स से मॉक पोल की समस्त पर्चिया को निकाल कर उम्मीदवार के अनुसार जमा देंगे।

● 7 पर्चिया जो तकनीकी कारणों से प्रिंट PRINT हुई है उन्हें अलग रख देंगे और समस्त उम्मीदवारों का परिणाम आपस में (CU और VVPAT की पर्चिया) मिलान करेंगे।

►परिणाम से संतुष्ट होने के पश्चात अब हम कंट्रोल यूनिट का क्लियर बटन दबाकर मॉक पोल का डाटा क्लियर करेंगे एवं टोटल बटन दबाकर देखेंगे की “ **0** “ शून्य मत दर्ज हैं।

►► अब हम CU कंट्रोल यूनिट को स्विच ऑफ अर्थात बंद कर देंगे।

●● सबसे पहले के **VVPAT** वीवीपेट स्लिप ड्रॉप बॉक्स को सील करेंगे।

♣♣♣ इसके पश्चात कंट्रोल यूनिट के परिणाम खंड के आंतरिक भाग को ग्रीन पेपर सील और स्पेशअल टेग से एवं बाह्य भाग को एड्रेस टैग से सील करेंगे।

►► मॉक पोल के समय की **VVPAT** वीवीपेट द्वारा जारी समस्त के पीछे मॉक पोल की छाप लगाकर इन सभी पर्चिया को काले लिफाफे में पेक कर देंगे और पिंक PINK पेपर सील से सील कर देंगे।

■ अब हम पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट भाग 1 मॉक पोल का प्रमाण पत्र तैयार करेंगे।

֍ नियत समय **7:00 AM** बजे हम **CU** कंट्रोल यूनिट को “ **ON** “ कर वास्तविक मतदान की प्रक्रिया शुरू करेंगे।